हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–68 : जौनपुर, शनिवार 05 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## टाटा ग्रुप करेगा 150 आईटीआई का कायाकल्प : मुख्यमंत्री ने दी सहमति

लखनऊ ब्यूरो : टाटा ग्रुप प्रदेश के 150 राजकीय आईटीआई का कायाकल्प करेगा। समूह से जुड़ीं 16 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां इसके लिए 4000 करोड़ रुपये की राशि खर्च करेंगी। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से 1190 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टाटा समूह के इस प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ ही इसे जल्द कार्यान्वित कराने के निर्देश दिए हैं। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी विभागीय मंत्री कपिल देव अग्रवाल व प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस उन्नयन के अंतर्गत आधुनिक तकनीक से नवीन निर्माण कार्य किए जाएंगे। साथ ही ऑटोमेटिक मशीनों व उपकरणों से आईटीआई को सुसज्जित किया जाएगा। प्रत्येक संस्थान में 11 नए ट्रेड व 23 शॉर्ट टर्म कोर्स शुरु किए जाएंगे। इसके अलावा बैठक में पीपीपी मॉडल पर 24 नए राजकीय आईटीआई शुरू करने व चार की शुरुआत के साथ ही चार की प्रक्रिया जारी होने की जानकारी दी गई। इस पर मुख्यमंत्री ने कार्य में तेजी लाने को कहा। ओडीओपी योजना के तहत प्रशिक्षण में युवाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षित करने व महिलाओं को प्रोत्साहन देने के लिए कहा। रिक्त पदों को भरने के निर्देश मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान आईटीआई में प्रशिक्षकों के खाली पदों को भरने में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण दिए जाने के लिए कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति पर भी नाखुशी जाहिर की साथ ही आईटीआई भवनों के निर्माण कार्य तेजी से कराने के लिए कहा।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मड़ियाहूं में संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : आज दिनांक 5 –11 –2022 को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेंहदीगंज के खेल मैदान एवं प्रांगण में विकास क्षेत्र मड़ियाहूं के समस्त 12 न्याय पंचायतों से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों के बीच विभिन्न इवेंटोओं में आयोजन हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ विकास क्षेत्र मड़ियाहूं की यशस्वी ब्लॉक प्रमुख श्रीमती रेखा यादव द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसमें कम्पोजिट विद्यालय सुदनीपुर की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुति के तत्काल बाद इसी विद्यालय की बालिकाओं द्वारा पीटी विशेष प्रदर्शन का प्रस्तुतीकरण किया गया जिससे प्रसन्न होकर पुरस्कार से सम्मानित करते हुए बालिकाओं को भी बढ़–चढ़कर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार रहा 600 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अंश सरोज पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदी गंज प्रथम मोनू पाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदीगंज द्वितीय एवं लकी मिश्रा उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुआ तृतीय स्थान प्राप्त की 600 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में दिशा सरोज पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदी गंज प्रथम शाहीन बानो पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूरतशापुर द्वितीय प्रीति पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूरताशापुर तृतीय 400 मीटर प्राथमिक बालक वर्ग आलोक कुमार प्राथमिक विद्यालय उगापुर प्रथम अंश जायसवाल प्राथमिक विद्यालय मेहंदी गंज द्वितीय विवेक रावत प्राथमिक विद्यालय मेंहदीगंज तृतीय 400 मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग प्रियांशी निषाद कम्पोजिट विद्यालय उगापुर प्रथम तनुश्री कम्पोजिट विद्यालय उगापुर द्वितीय ज्योति प्राथमिक विद्यालय मेहंदी तृतीय 400 मीटर जूनियर बालक वर्ग अन्शसरोज पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदी गंज प्रथम राहुल यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय खालेपुर औरला द्वितीय सुजीत सरोज कंपोजिट विद्यालय पहसना तृतीय 400 मीटर जूनियर बालक वर्ग निधि यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदीगंज प्रथम केसरी तिवारी कंपोजिट विद्यालय उगापुर द्वितीय अंशिका यादव कंपोजिट विद्यालय बरौली तृतीय 200 मीटर प्राथमिक बालक वर्ग हर्षित यादव प्राथमिक विद्यालय मेहंदी प्रथम सनी गुप्ता कंपोजिट विद्यालय गौहर द्वितीय अंश जायसवाल प्राथमिक विद्यालय मेहंदी गंज तृतीय 200 मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग पलक यादव प्राथमिक विद्यालय सुरतासापुर प्रथम मुस्कान गुप्ता प्राथमिक विद्यालय मेहंदी गंज द्वितीय काजल पाल प्राथमिक विद्यालय वासदेवपट्टी 100 मीटर प्राथमिक विद्यालय बालिका वर्ग पलक यादव कंपोजिट विद्यालय सुरतासापुर प्रथम आंचल प्राथमिक विद्यालय रानीपुर दीपांजलि प्राथमिक विद्यालय तृतीय 100 मीटर बालक वर्ग जूनियर अरबाज खान पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहसना प्रथम सुजीत गौड़ कम्पोजिट मईडीह द्वितीय साहिल हाशमी पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदी गंज तृतीय 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग निधि यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेंहदीगंज प्रथम आंचल पटेल कम्पोजिट विद्यालय बीरबलपुर द्वितीय काजल चौहान पूर्व माध्यमिक





विद्यालय जमुआ 100 मीटर प्राथमिक बालक वर्ग सनी गुप्ता कम्पोजिट विद्यालय गौहर प्रथम अंश सिंह प्राथमिक विद्यालय रामपुर नदी द्वितीय विक्रांत दुबे प्राथमिक विद्यालय कसनही तृतीय 200 मीटर जूनियर बालक वर्ग अंश कुमार सरोज पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदी गंज प्रथम सुजीत गौड़ पूर्व माध्यमिक विद्यालय मईडीह शिवा प्रजापति पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूरतासापुर तृतीय 200 मीटर जूनियर बालिका वर्ग रिया यादव कम्पोजिट विद्यालय बरौली प्रथम डाली मौर्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय उगापुर द्वितीय किरण प्रजापति पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदीगंज तृतीय 50 मीटर प्राथमिक बालक वर्ग विक्रांत दुबे प्राथमिक विद्यालय कसनही प्रथम यशपाल प्राथमिक विद्यालय रामपुर नदी द्वितीय रजनीश सरोज कम्पोजिट विद्यालय मईडीह तृतीय स्थान प्राप्त किया,योग प्रदर्शन में प्राथमिक विद्यालय आनापुर के बालक प्रथम स्थान प्राप्त किए।नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पीटी, मार्च पास्ट में कंपोजिट विद्यालय शुदनीपुर प्रथम स्थान पर रहा। खंड शिक्षा अधिकारी मडियाहूं डा अविनाश सिंह जी के निर्देशन में खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न हुआ,जिसका संचालन राम प्रसाद यादव ब्लॉक अध्यक्ष मडियाहूं ने किया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक रविचंद्र यादव, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रमेश चंद्र यादव, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद यादव, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष यादवेंद्र यादव, वरिष्ठ शिक्षक विनोद सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जिला मंत्री शिवकुमार सरोज, लाल बहादुर यादव, ओबैदु रहमान,अच्छे लाल यादव, विजय भास्कर, राघवेंद्र सिंह, विष्णु कुमार, वेद प्रकाश, निहाल सिंह, अरुण सिंह, रामसजन,राजकमल, हंसराज यादव, श्याम नारायण, सेवा लाल पटेल , अरविंद यादव, ओमप्रकाश सिंह,कमलेश यादव, रेनू, सीमा पाल,मधुबाला,उदयचंद्र यादव, राकेश यादव, सत्य प्रकाश, विशाल सिंह जी, प्रदीप सूर्या साथ ही साथ ब्लॉक के अन्य सम्मानित शिक्षक और शिक्षिका मौजूद रही।

## अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डों को निःशुल्क वितरण की तिथि निर्धारित

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डों को माह–नवम्बर, 2022 के प्रथम चक्र में किये जाने वाले माह–सितम्बर, 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण निर्धारित दरों अर्थात गेहूँ–रू0 02 प्रति किग्रा0 एवं चावल–रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से तथा उ0द0 विक्रेताओं के यहां अवशेष आयोडाइज्ड नमक, साबुत चना, रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल की मात्रा का निःशुल्क वितरण अन्त्योदय कार्डधारकों को 07 नवम्बर 2022 से 15 नवम्बर 2022 तक के मध्य किया जायेगा। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा० खाद्यान्न प्रति यूनिट (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल) का वितरण निर्धारित दरों अर्थात गेहूँ–रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल–रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से किया जायेगा। उपरोक्त वितरण अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर उचित दर दुकानों पर अवशेष नेफेड वस्तुओं यथा–रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल, साबुत चना व आयोडाइज्ड नमक का निःशुल्क वितरण सुनिश्चित किया जायेगा। खाद्यान्न तथा नेफेड वस्तुओं के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। नेफेड वस्तुओं के वितरण में पोर्टेबिलिटी की सुविधा उपलब्ध कराये जाने से जिन दुकानों पर कम कार्ड सम्बद्ध हों, वहां से दूसरी दुकानों के अन्त्योदय कार्डधारक उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त कर सकेंगे। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न एवं नेफेड वस्तुओं के वितरण की अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2022 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न एवं नेफेड वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार खाद्यान्न का वितरण निर्धारित दरों (गेहूँ–रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल–रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से) एवं जिन उचित दर विक्रेताओं के यहां रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल, साबुत चना व आयोडाइज्ड नमक की मात्रा अवशेष है, का निःशुल्क वितरण अन्त्योदय कार्डधारकों में नियमानुसार पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## अपर जिलाधिकारी रजनीश राय की अध्यक्षता में तहसील सदर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : तहसील सदर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी (भू–राजस्व) मुख्य राजस्य अधिकारी रजनीश राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उक्त सम्पूर्ण समाधान दिवस अवसर पर किसी भी थाने के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष उपस्थित नही थे, बल्कि उनके स्थान पर उनके प्रतिनिधि के रूप में सम्बन्धित थाने के उप निरीक्षक उपस्थित हुये थे। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित उप निरीक्षको से पुछने पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित थानेकोतवाली, लाईनबाजार, जफराबाद, सरायख्वाजा, जलालपुर, बक्शा, सिकरारा, गौराबादशाहपुर के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष किसी आकस्मिक कार्य से अनुपस्थित नही है, बल्कि वे अपने–अपने थानो पर ही मौजूद है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षको/थानाध्यक्षो की उदासीनता/लापरवाही मानते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु एवं भविष्य में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर स्वयं उपस्थित रहने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर को रिपोर्ट प्रेषित की गयी है। इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी सदर/नगर के भी सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित न रहने के कारण इनके विरुद्ध भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर को पत्राचार किया गया है साथ ही आज सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी करंजाकला, ए०डी०ओ० (पं०) सिकरारा, ए०डी०ओ० (सहकारी समितियों) बक्शा, ए0डी०ओ० (समाज कल्याण) सिरकोनी, शारदा सहायक खण्ड–36 एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता के उपस्थित न रहने के कारण उनका आज 05 नवम्बर 2022 का वेतन अदेय करने का आदेश जारी किया गया है तथा भविष्य के लिए सम्बन्धितो को निर्देशित किया गया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर स्वयं उपस्थित रहकर जन समस्याओ के निस्तारण में सहयोग करना सुनिश्चित करें। भविष्य मे भी सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों तथा जनसमस्यओं के निस्तारण मे अपेक्षित रूची न लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## श्री गुरु नानक देव के 553वें प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन तथा गुरुद्वारा नाका हिंडोला के 125वें स्थापना दिवस पर होगा आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यू0 पी0 प्रेस क्लब,लखनऊ में एक प्रेसवार्ता का आयोजन लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवम् ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी,नाका हिंडोला के अध्यक्ष स.राजेन्द्र सिंह बग्गा जी की अध्यक्षता में किया गया। श्री बग्गा जी यह जानकारी ने देते हुए बताया कि जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के पावन प्रकाशोत्सव (जन्मोत्सव) ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी, नाका हिंडोला एवं डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, ऐशबाग रोड, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर दिनांक 6 नवंबर को ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी, नाका हिंडोला, लखनऊ से प्रातः 11 बजे से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया एवं पांच प्यारों की अगुवाई में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है जो लखनऊ के विभिन्न मार्गों नाका हिण्डोला चौराहा, चारबाग, गुरुनानक मार्केट, गौतमबुद्ध मार्ग, बांसमण्डी चौराहा, लाटूश रोड, श्रीराम रोड, गनेशगंज होकर गुरुद्वारा नाका हिण्डोला लखनऊ अपरान्ह 4:00 बजे गुरुद्वारा साहिब वापस पहुंचकर संपन्न होगा। प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने बताया कि प्रकाशोत्सव एवम् ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी,नाका हिंडोला की स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में 7 व 8 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब में सांय 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक गुरबाणी कीर्तन दरबार एवम् 8 नवंबर को डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, ऐशबाग रोड, लखनऊ में प्रातः 7. 30 बजे से सांय 4 बजे तक भव्य गुरमत समागम का आयोजन किया



जाएगा जिसमें पंथ प्रसिद्ध कथावाचक ज्ञानी जसवंत सिंह जी परवाना, हजूरी रागी भाई सुखवंत सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब, भाई गुरचरन सिंह जी रसिया लुधियाना वाले,भाई सुरजीत सिंह जी खालसा कानपुर वाले एवं हेड ग्रंथी सुखदेव सिंह जी कथा व कीर्तन के माध्यम से श्री गुरु नानक देव जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालकर संगत को निहाल करेंगे। इनके अतिरिक्त माता गुजरी सत्संग सभा, के. के. एन. एस. गुरमति संगीत अकेडमी एवम् सिमरन साधना परिवार के बच्चों द्वारा शब्द कीर्तन गायन से संगत को निहाल करेंगे। भव्य गुरमत समागम में गुरु का अटूट लंगर वितरित किया जाएगा। महामंत्री हरमिन्दर सिंह टीटू ने बताया कि ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी,नाका हिंडोला की स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने पे 8 नवंबर को डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, ऐशबाग रोड, लखनऊ में रात्रि 7.30 से 9.30 बजे तक ताल गुरु प्रोडक्शन, पटियाला द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के जीवन पर आधारित ष् स्टेज लाइट एवं लेजर शो का आयोजन भी किया गया है।समाप्ति के उपरान्त गुरु का प्रसाद वितरित किया जायेगा।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## लेवाना होटल कांड में दोबारा निलंबित हुए बिजली इंजीनियर

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन ने बीते शुक्रवार देर रात लखनऊ के होटल लेवाना सुइट्स अग्निकांड में हफ्ते भर पहले निलंबन



से बहाल हुए सहायक अभियंता (वर्तमान में अधिशासी अभियंता) राजेश कुमार मिश्रा एवं अवर अभियंता (वर्तमान में एसडीओ) आशीष कुमार मिश्रा को बीते शुक्रवार देर रात दोबारा निलंबित कर दिया है। इस संबंध में कॉर्पोरेशन के चेयरमैन एम देवराज ने आदेश जारी किये हैं। आदेश में कहा गया कि मध्यांचल निगम स्तर पर इस प्रकरण की जांच सही तरीके से नहीं की गई। खासकर उन बिंदुओं को दरकिनार कर दिया गया। निलंबन से पहले जांच समिति से प्रकरण का परीक्षण कराया गया। इस परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद रात करीब 11.00 बजे दोनों इंजीनियरों के निलंबन आदेश जारी हुए। निलंबित अभियंता पॉवर कॉर्पोरेशन के निदेशक (कार्मिक) से संबद्ध रहेंगे।

## प्रबंधक प्रबन्ध निर्देशक डॉ अमित सिंह तथा प्रधानाचार्य ने दी बधाई

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एलेन हाउस 6 वृंदावन योजना लखनऊ, में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, गणित एवं कला विषयों पर आधारित वर्किंग मॉडल, पीपीटी, पोस्टर मेकिंग





प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन लखनऊ के विविध विद्यालयों के मध्य लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल फरीदीपुर लखनऊ के विद्यार्थियों ने बंज। (VI to VIII) SA01, एवं Cat B (IX to X) SA02 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता में विजेता बन ट्रॉफी प्राप्त की तथा स्वयं और संस्था को गौरवान्वित किया । विद्यालय प्रबंधक अवधेश सिंह, प्रबन्ध निर्देशक डॉ अमित सिंह तथा प्रधानाचार्य गुंजन खत्री ने इन्हें इस कार्य के लिए हार्दिक बधाई दी एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

आज की सुन्दर यात्रा केवल तब शुरु हो सकती है, जब हम कल को जाने देना सीखते हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# गरिमा बहाली की दिशा में

महिलाओं की कमर में बेड़ी लगाने के उदाहरण अब भले न हों, लेकिन महिलाओं के प्रति उस पुरुषवर्चस्ववादी सोच में कोई फर्क नहीं आया है। जबकि स्त्री के शरीर में बेड़ी लगाने का समाज को कोई अधिकार नहीं है।

लोकतांत्रिक चेतना और सामाजिक विकास के मामले में भारत हमेशा पाकिस्तान और बांग्लादेश की तुलना में आगे रहा है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से कुछ जरूरी कदम भारत से पहले ही इन दो देशों में उठा लिए गए। जैसे कि तीन तलाक की कुप्रथा। अफगानिस्तान, ट्यूनीशिया, अल्जीरिया, मलयेशिया, जॉर्डन, मिस्र, ईरान, इराक, इंडोनेशिया, लीबिया, सूडान, सऊदी अरब, मोरक्को और कुवैत जैसे देशों में भारत से पहले ही तीन तलाक की कुप्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

इसी तरह कौमार्य परीक्षण पर भी अनेक देशों में प्रतिबंध है। पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी इस पर रोक है। भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में इस पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। देर से यह कदम उठाने के बावजूद सर्वोच्च न्यायालय धन्यवाद का हकदार है। उसने ठीक ही यह कहा है कि यौन उत्पीड़न के मामले में पीड़िता का 'टू फिंगर टेस्ट' कराने वाला भी कदाचार का दोषी माना जाएगा। अदालत ने माना है कि यह टेस्ट एक गलत धारणा पर आधारित है कि यौन रूप से सक्रिय महिला का बलात्कार नहीं हो सकता।

सच्चाई इससे कुछ अलग भी हो सकती है, और किसी महिला का यौन इतिहास जानना महत्वहीन है। कौमार्य परीक्षण एक अर्थ में यौन हिंसा ही है। प्राचीन काल से ही पुरुषवर्चस्ववादी समाज में कौमार्य परीक्षण की परंपरा रही है। इसके तहत नवविवाहिता वधू के कौमार्य परीक्षण की व्यवस्था हमारे समाज में रही है। चूंकि डॉक्टर दो उंगलियों से इसका परीक्षण करते हैं, इसलिए इसका नाम 'टू फिंगर टेस्ट' है। किसी के साथ बलात्कार हुआ है या नहीं, इसकी जांच के लिए भी 'टू फिंगर टेस्ट' किया जाता है।

इसमें डॉक्टर इसका पता लगाते हैं कि पीड़िता की योनि की झिल्ली अक्षत है या नहीं। अगर वह अक्षत है, तो बलात्कार नहीं हुआ, अगर अक्षत नहीं है, तो इसका मतलब यह है कि बलात्कार हुआ है। इस परीक्षण में डॉक्टर योनि का परीक्षण भी करते हैं। जांच के ये तमाम तरीके वस्तुतः पुरुषवर्चस्ववादी सोच के बारे में ही बताते हैं। मसलन, अगर 'टू फिंगर टेस्ट' में डॉक्टर पाते हैं कि शिकायत दर्ज करने वाली महिला शारीरिक संपर्क की अभ्यस्त है, तो फिर उसकी शिकायत को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता।

इसी तरह 'टू फिंगर टेस्ट' में अगर बलात्कार की पुष्टि होती है, तो ऐसे मामलों में कई बार लड़कियों के चरित्र की तहकीकात की जाती है। इन्हें पुरुषवर्चस्ववादी सोच के सिवा भला और क्या कहें! गौर करने वाली बात यह है कि बलात्कार की परिभाषा अब बदल गई है। इसकी परिभाषा अब ज्यादा व्यापक है। उदाहरण के लिए, ताकत के बल पर किसी को नग्न करना और उसे अपने या किसी दूसरे का जननांग स्पर्श करने के लिए बाध्य करना भी बलात्कार के दायरे में आता है। अक्षतयोनि लड़कियां भी बलात्कार की शिकार हो सकती हैं।

ऐसे ही किसी पुरुष के शारीरिक संपर्क के बगैर भी कोई लड़की कौमार्य परीक्षण में फेल हो सकती है। इस तरह देखें, तो आधुनिक समाज में 'टू फिंगर टेस्ट' का अनौचित्य, इसकी अनैतिकता और अवैज्ञानिकता बार–बार प्रमाणित हुई है। कभी किसी समाज में पुरुषों के कौमार्य परीक्षण की परंपरा नहीं रही है। इस मामले में लड़कियां और महिलाएं ही प्राचीन काल से अब तक बार–बार अपमानित–असम्मानित होती रही हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि एक बार पुरुष का शिकार होने के बाद 'टू फिंगर टेस्ट' में उसे फिर डॉक्टर का शिकार होना पड़ता है।

सवाल यह है कि ऐसी लड़कियों के प्रति हमारे समाज में घृणा और हिकारत की भावना ही क्यों पनपती है। ऐसा क्यों मान लिया जाता है कि इनकी जिंदगी अब खत्म और व्यर्थ हो गई है? लड़कियों और महिलाओं को यौन अत्याचार के क्रूर अनुभवों से गुजरना पड़ता है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? हमारा समाज, हमारी पुलिस व्यवस्था और हमारी पुरुषवर्चस्ववादी सोच। वस्तुतः ऐसी लड़कियां घृणा की नहीं, संवेदना की हकदार हैं।

बलात्कार से लड़कियों और स्त्रियों का जीवन खत्म नहीं हो जाना चाहिए, बल्कि समाज की तरफ से ऐसी कोशिश होनी चाहिए कि वे सिर उठाकर जीने और जीवन में कुछ सार्थक कर पाने का आत्मविश्वास हासिल कर पाएं। लेकिन एक यंत्रणा के बाद उन्हें कौमार्य परीक्षण की दूसरी यंत्रणा से गुजरना पड़ता है। मिस्र की राजधानी काहिरा के तहरीर चौक में जब लोगों ने लोकतंत्र के लिए आंदोलन शुरू किया था, तब सेना के जवानों ने कुछ आंदोलनकारी लड़कियों को जबरन उठवाकर उनका कौमार्य परीक्षण करवाया था।

इससे यह पता चलता है कि कौमार्य परीक्षण स्त्रियों को प्रताड़ित करने का भी औजार है। मुझे हैरानी होती है कि इस 21वीं सदी में भी कौमार्य परीक्षण की यह परंपरा दुनिया के अनेक देशों में कायम है। मध्यकाल में यूरोप के योद्धा जब लड़ाई लड़ने दूर जाते थे, तब अपनी स्त्रियों की कमर में वे लोहे की एक बेड़ी लगाकर जाते थे, जिससे कि उनका किसी दूसरे पुरुष से शारीरिक संपर्क न हो पाए। सिर्फ पति के आदेश से नहीं, बल्कि समाज के निर्देश पर भी अक्सर महिलाओं की कमर में वे बेड़ियां लगाई जाती थीं।

लेकिन बाहर जाते पुरुषों को ये बेड़ियां नहीं लगाई जाती थीं। उनके स्वच्छंद आचरण में किसी तरह की कोई बाधा नहीं थी। इटली के अलावा चीन में महिलाओं की कमर में बेड़ी लगाने के मध्यकालीन उदाहरण मिलते हैं। यह जानकर हैरानी होगी कि बीती सदी के 70 के दशक में इंग्लैंड में कौमार्य परीक्षण की वापसी हुई थी। दरअसल तब दूसरे देशों की जो भी कुंवारी लड़कियां इंग्लैंड में बसने के लिए आती थीं, उन लड़कियों का कौमार्य परीक्षण (वर्जिनिटी टेस्ट) किया जाता था। अमेरिका में भी बीच बीच में कौमार्य परीक्षण की बर्बरता से लड़कियों को गुजरना पड़ता है।

महिलाओं की कमर में बेड़ी लगाने के उदाहरण अब भले न हों, लेकिन महिलाओं के प्रति उस पुरुषवर्चस्ववादी सोच में कोई फर्क नहीं आया है। जबकि स्त्री के शरीर में बेड़ी लगाने का समाज को कोई अधिकार नहीं है। स्त्री के लिए आर्थिक आजादी जितनी जरूरी है, उतनी ही शारीरिक आजादी भी। यह आजादी न मिले, तो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आजादी मिलने का कोई व्यापक और वास्तविक अर्थ नहीं है। भारत में 'टू फिंगर टेस्ट' से मुक्ति यहां की महिलाओं की गरिमा की बहाली की दिशा में उठाया गया एक सही कदम है।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

## किसान भाई धान खरीद केन्द्रों पर ही अपने धान की बिक्री करें और सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य प्राप्त करें

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कृषि सूचनातंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम तथा प्रसार सुधार (आत्मा) योजना के संयुक्त तत्वाधन में किसान मेला कृषि प्रदर्शनी एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन विकास खण्ड सभागार बिलग्राम के परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि मा० विधायक प्रतिनिधि(माँ) श्रीमती विमला देवी जी द्वारा फीता काटकर किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। उनके द्वारा कृषि प्रदर्शनी में लगाई गई विभिन्न विभागों संस्थाओं तथा प्रतिष्ठानों की स्टॉलों का अवलोकन किया गया व प्रदर्शित यंत्रों, उपकरणों तथा उत्पादों की जानकारी प्राप्त की गई। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अन्तर्गत राई सरसों तथा मसूर के निःशुल्क बीज मिनीकिटों का वितरण क्षेत्रीय कृषकों को व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा पी.एम. कुसुम योजना के अन्तर्गत सोलर पम्प स्थापना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण किया गया। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषकों को पराली खेत में ही सड़ाकर खाद तैयार करने हेतु वेस्टडिकम्पोजर का वितरण मुख्य अतिथि महोदया के कर कमलों से कराया गया। मुख्य अतिथि द्वारा गोष्ठी में किसान भाईयों को बतलाया कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिये कृत संकल्प है। इसी के तहत् खरीफ एवं रबी फसलों के समर्थन मूल्यों में भारी वृद्धि की गई है। किसान भाई धान खरीद केन्द्रों पर ही अपने धान की बिक्री करें और सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य प्राप्त करें। प्राकृतिक आपदा के कारण हुई क्षति को दृष्टिगत रखते हुये द्व राहत कार्य चलाये जा रहे हैं तथा फसलों की क्षति के लिये क्षतिपूर्ति की व्यवस्था बीमा कम्पनियों से कराई जा रही है। किसान भाई अपनी परम्परागत गेहूँ धान की खेती से अलग हटकर कृषि विविधीकरण को अपनायें तथा अपनी आर्थिक स्थिति को उन्नत बनायें। किसान भाई इस प्रकार के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भागीदारी करते हुये विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारी को अमल में लायें सरकार द्वारा किसानों के हित में विभिन्न योजनाओं को संचालित किया जा रहा है जिनका लाभ उठाकर किसान भाई अपनी खेती में लागत को कम और कृषि उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं। मा० प्रधानमंत्री ने सभी किसान भाईयों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत रू0 6000 की सालाना राशि देकर सम्मानित करने का कार्य किया है। किसान भाईयों को किसान क्रेडिट कार्ड पर अपनी




खेती किसानी के लिये 4 प्रतिशत न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त होता है तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति की क्षतिपूर्ति कराई जाती है। पी०एम०कुसुम योजनान्तर्गत 60 प्रतिशत अनुदान पर विभिन्न क्षमताओं के सोलर पम्प की स्थापना कराई जा रही है। सोलर पम्प स्थापना से सिंचाई पर होने वाले व्यय को कम करते हुये उत्पादन लागत को न्यून किया जा सकता है। हमारे मा० प्रधानमंत्री जी और मा० मुख्यमंत्री जी किसानों और आम जनमानस की सतत् भलाई एवं कल्याण के लिये अहर्निश प्रयत्नशील एवं संकल्पबद्ध हैं। किसान भाई कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बतलाई गई विधियों से खेती करें नवीनतम तकनीकी अपनायें पराली को खेतों में ही सड़ाकर उसका उर्वरक के रूप में प्रयोग करते हुये खेतों की मृदा का स्वास्थ्य तथा पर्यावरण व जनमानस के स्वास्थ्य संवर्धन में अपना बहुमूल्य योगदान दें। जो किसान भाई अवर्षण अथवा प्राकृतिक आपदा के कारण समय से बुवाई नहीं कर सके हैं और तिलहनी व दलहनी फसलों की खेती के इच्छुक है, उनको कृषि विभाग द्वारा निःशुल्क राई सरसों का 2 किया० तथा मसूर का 8 किग्रा बीज एक एकड़ क्षेत्रफल की बुवाई हेतु दिया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुरेश सिंह, प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार के साथ–साथ कृषि विभाग तथा अन्य सम्बद्ध विभागों के क्षेत्रीय कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित थे। इसी प्रकार का किसान मेला कृषि प्रदर्शनी एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन विकास खण्ड सुरसा के ब्लाक परिसर में भी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धनन्जय मिश्रा जी के मुख्य आतिथ्य में किया गया जिसमें कृषकों को निःशुल्क राई सरसों एवं मसूर के बीज मिनीकिटों का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा पी०एम० कुसुम योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र का वितरण भी मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी श्री विनीत कुमार खण्ड विकास अधिकारी डा० राम प्रकाश तथा कृषि विभाग व अन्य सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कृषकों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

## ईडी ने नौ घंटे पूछताछ के बाद विधायक अब्बास अंसारी को किया गिरफ्तार : मनी लॉन्ड्रिंग केस में कार्यवाही

प्रयागराज ब्यूरो : प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को नौ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। रात करीब 12 बजे उसे मेडिकल के लिए लेकर कड़ी सुरक्षा के बीच मोतीलाल नेहरू जिला चिकित्सालय (कॉल्विन अस्पताल) ले जाया गया। इसके बाद उसे दोबारा ईडी दफ्तर लाकर नजरबंद कर दिया गया। फिलहाल ईडी की ओर से कोई बयान नहीं जारी किया गया। माफिया मुख्तार अंसारी पर पिछले साल जुलाई में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। इस मामले में 20 मई को ही उसके बड़े बेटे अब्बास अंसारी व छोटे बेटे उमर से पूछताछ की गई थी। पिछले दिनों अब्बास को एक बार फिर ईडी ने समन जारी किया था। शुक्रवार दोपहर दो बजे के करीब अब्बास सिविल लाइंस स्थित ईडी दफ्तर में पहुंचा। यहां करीब आधे घंटे बाद ईडी की टीम ने उससे पूछताछ शुरू की। अब्बास से करीब नौ घंटे तक ईडी की अलग–अलग टीम ने पूछताछ की। रात करीब 9.30 बजे ईडी दफ्तर परिसर में पुलिस फोर्स का पहुंचना शुरू हो गया। कुछ देर बाद पुलिस के साथ ही पीएसी के जवान भी आ गए और पूरे परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। रात 12 बजे के करीब पहले ईडी की टीम दफ्तर से बाहर निकली। इसके बाद अब्बास भी बाहर आया, जो ईडी की हिरासत में था। उसे ईडी अफसर अपनी गाड़ी में बैठाकर दफ्तर से बाहर निकल गए। इस दौरान सिविल लाइंस व खुल्दाबाद थाने की फोर्स भी सुरक्षा में लगी रही। उसे कड़ी सुरक्षा में हिरासत में लेकर कॉल्विन अस्पताल ले जाया गया। वहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद उसे दोबारा ईडी दफ्तर ले जाया गया और वहां उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके ड्राइवर रवि कुमार शर्मा निवासी करंडा गाजीपुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उससे भी लंबी पूछताछ की गई थी। पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जिस पर विधायक अब्बास अंसारी ईडी दफ्तर आए। रात में अचानक फोर्स का जमावड़ा शुरू हो गया और इसके बाद बिना कुछ बताए ईडी व पुलिस विधायक को अपने साथ लेकर चली गई। फिर दोबारा उन्हें ईडी दफ्तर लाया गया। – मो. फारुख, अब्बास अंसारी के अधिवक्ता छूटे पसीने, कई सवालों का नहीं दे पाया जवाब मनी लांड्रिंग केस में ईडी की पूछताछ के दौरान विधायक अब्बास अंसारी के पसीने छूट गए। ईडी अफसरों के कई सवालों का वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। उससे उसके नाम पर दर्ज संपत्तियों के बारे में पूछताछ की गई। साथ ही उन संपत्तियों को बनाने में लगी आय के स्रोत के बारे में भी जानकारी मांगी गई। सूत्रों का कहना है कि कई सवालों पर वह चुप हो गया। सूत्रों का कहना है कि ईडी को पहले ही उसके खिलाफ कुछ सबूत मिले थे। यही वजह थी कि उसे दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया। जांच में संतोषजनक जवाब न मिलने पर ही उसे हिरासत में लिया गया। मोबाइल भी जब्त किया सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान ही ईडी ने अब्बास का मोबाइल भी जब्त कर लिया। दोपहर में अब्बास जब ईडी के सवालों का जवाब देने पहुंचा तो उसने अपना मोबाइल गाड़ी में ही छोड़ दिया था। आठ घंटे की पूछताछ के बाद रात 10 बजे के करीब ईडी की टीम ने उसका मोबाइल भी जब्त कर लिया। अब्बास के साथ आए उसके सहायकों से मोबाइल मंगवाने के बाद ईडी ने इसे कब्जे में ले लिया। फिलहाल इस बाबत देर रात तक ईडी की ओर से कोई बयान नहीं जारी किया गया। ड्राइवर से भी पूछताछ ईडी ने अब्बास के साथ ही उसके ड्राइवर रवि कुमार शर्मा निवासी करंडा, गाजीपुर से भी पूछताछ की। उसे रात करीब 10 बजे दफ्तर के भीतर बुलाया गया। लेकिन भीतर बैठे अब्बास से उसका सामना नहीं कराया गया। उसे एक अलग चौंबर में बैठाकर पूछताछ की गई। इस दौरान उससे उसका आईडी प्रूफ भी लिया गया। यही नहीं उसके दस्तखत भी लिए गए। पिछले महीने जारी किया था लुकआउट नोटिस मुख्तार पर दर्ज मनी लांड्रिंग मामले की जांच में जुटी ईडी ने पिछले महीने ही अब्बास के देश से बाहर जाने पर रोक लगा दी थी। इसके तहत उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। इससे पहले उसकी मां अफ्शा अंसारी के खिलाफ भी लुकआउट नोटिस जारी हुआ था। भाइयों व अन्य रिश्तेदारों से हो चुकी है पूछताछ मुख्तार पर पिछले साल जुलाई में मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। इसके लिए उसके खिलाफ लखनऊ व मऊ में दर्ज मुकदमों को आधार बनाया गया था। इस मामले में बेटों के अलावा उसके भाई सांसद अफजाल अंसारी व सिगबतउल्लाह अंसारी को भी बुलाकर घंटों पूछताछ की जा चुकी है।

## अग्निवीर बनने के लिए दिन रात का फर्क नही समझ रहे हैं युवा : क्षेत्र में कोई रनिंग मैदान न होने से युवाओं में निराशा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास खण्ड केराकत के उदयचंदपुर गोमती नदी के किनारे आम के बाग में सुबह शाम के बाद अग्निवीर बनने का जुनून इस कदर सवार है कि आधी रात को भी कुछ युवा आकर सुबह तक पसीना बहा रहे हैं, वही कोच भी युवाओं के लिए घर बार भूलकर दिन रात बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बच्चों को सिखाने के साथ खुद भी घण्टो पसीना बहाते है, कोई रनिंग ग्राउंड न होने से कोच सहित युवा बगीचे के मालिक से निवेदन करके रनिंग ट्रेक साफ करना व एक निर्धारित नाप के बाद ट्रेक को बनाया और लोहे की पाइप सहित ट्रेनिंग की समुचित व्यवस्था की है जिससे युवाओं कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए। उदयचंदपुर गाँव के उत्तरी छोर से बहती गोमती नदी के तट पर ग्राम सभा के कुछ ग्रामीणों का बाग है, उसमे दिन रात शायद न समझ आये क्योकि यहाँ युवा जब नींद खुल जाती है तो सीधे ग्राउंड का रुख कर लेते हैं और जबतक थक न जाये तबतक पसीना बहाते है, तबतक सुबह के टाइम के बच्चे आ जाते हैं उनके मेहनत के पश्चात दोपहर में भी कुछ बच्चे आ जाते हैं इस ग्राउंड पर 10 से 15 किलोमीटर दूर के बच्चे अभ्यासरत है, युवाओं का कहना है कि कही भी जब दौड़ की परीक्षा होती है तो वो सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के ऊपर होता कि आपको वो किस समय दौड़ लगाने के लिए समय देते हैं इसलिए हमलोग इस तरह से तैयारी करते हैं कि किसी भी समय दौड़ने के लिए कहा जाए तो हम को कोई समस्या ना हो हम इसलिए 24 घंटे में किसी भी समय मैदान पर आकर अपना दौड़ व मेहनत करते रहते हैं समय का कोई निर्धारण नहीं है, वही युवाओं ने कहा कि सरकार की तरफ से कोई ऐसा ग्राउंड नही बनाया गया है जहां पर युवा जाकर मेहनत कर सके या दौड़ लगा सके, कई बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का भी ध्यान आकृष्ट कराया गया लेकिन स्थिति जस की तस बनी है इसलिए बगीचे के मालिक से निवेदन करके यहाँ ब्यवस्था अपने निजी धन से कराया गया है। अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के मानक के अनुसार ट्रेनिंग कराई जा रही है, हर भर्ती में हमारे ग्राउंड से लगभग 4 से 5 लड़को का चयन होता ही है, हमारे ग्राउंड से अबतक 30 से ऊपर आर्मी, पुलिस व अन्य विभागों में युवा सेवा दे रहे हैं, मेरे जीवन का लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सेना व अन्य विभागों में मेहनत के भरोशे नौकरी मिले यही मेरे जीवन की पूंजी होगी, व कहा कि में जनप्रतिनिधियों व सरकार से आग्रह करूँगा की क्षेत्र में एक अच्छे ट्रेनिंग ग्राउंड की बहुत आवश्यकता है जिससे युवाओं को सही राह मिल सके। रूपेश शर्मा (बाबा) निवासी सरोज बडेवर, फिजिकल डिप्लोमा व फुटबॉल खिलाड़ी वैसे तो बचपन से देश सेवा करने की एक ललक रही, सेना की वर्दी पहनना ही मेरा लक्ष्य है, मेरा दोस्त जितेंद यादव निवासी सरौनी पूरब पट्टी इस समय जम्मू के पूंछ में सेना की वर्दी पहनकर देश सेवा कर रहा है, जब में मित्र को वर्दी में देखता हूं तो जोश, जुनून, मेहनत और बढ़ जाती है। छोटू यादव निवासी सरौनी पूरब पट्टी वर्तमान समय मे मेरे परिवार के दो सदस्य सेना में सेवाएं दे रहे हैं, वहा से आकर जब सेना व सैनिकों की जाबांजी के बारे में बताते हैं तो ऐसा लगता है आजही सेना में नौकरी मिल जाये, सेना में जाने का मूल उद्देश्य है देश सेवा, भारत माता की सेवा में जीवन बीत जाए इससे सुखद कुछ नहीं लगता है हमे। उमंग दुबे निवासी उदयचंदपुर देश की सेवा गर्व व सम्मान का विषय है, देश सेवा तो होश संभालने के बाद ही हो गया था की मुझे करना है लेकिन कैसे करना है ये में मेरे मामा सेना में है उनसे सीखा और मेरे मामा वर्तमान समय मे देश की सेवा कर रहे है, मामा से मिलता हूं तो ऐसा लगता है मैं किसी हीरो से मिल रहा हूं और मुझे भी अपने मामा की तरह देश की सेवा करना है। धीरज यादव निवासी सिहौली

## अवैध खनन से ग्रामीण त्रस्त : अधिकारियो ने माना अवैध है खनन तो होगी कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खनन विभाग और पुलिस के लचर रवैया से खनन करने वालों का हौसला बढ़ा हुआ है।मछली शहर तहसील के सकरा रामपुर गांव में सई नदी के किनारे अवैध खनन का काम जोरों पर है बड़े–बड़े डंपर जेसीबी से मिट्टी खोद के दूसरे जगह भेजी जा रही हैं। इसकी शिकायत अधिकारियों से लोग लगातार कर रहे हैं लेकिन कहीं भी कोई सुनवाई नहीं है।गांव में बड़े–बड़े डंपर आने से लोग दुर्घटनाओं के लिए के सहमे हुए हैं।पतली रोड ऊपर बड़े–बड़े पर डंपर चलने से लोग आवागमन में भारी दिक्कत महसूस कर रहे हैं। एक तरफ से डंपर आ जाने पर घंटों लोग खड़े रहते हैं तब कहीं निकल पाते हैं।और गांव की रोड टूटने के कगार पर आ गई है। बड़े–बड़े डंपओं का लोड सड़क की छमता से ज्यादा है इसी लिए रोड टूट रही है।दर्जनों बार लोगों ने शिकायत किया लेकिन इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। जिला खनन अधिकारी विनीत सिंह ने बताया कि खनन अवैध है किसी को कोई भी लाइसेंस नहीं हुआ है बिना खनन के लाइसेंस के कोई अगर खनन करता है तो पूरी तरह गलत है उसके ऊपर कार्रवाई होगी।इस संबंध में उपजिलाधिकारी मछली शहर राजेस चौरशिया न ने बताया कि यदि अवैध खनन हो रहा है तो संबंधित डंपर और जेसीबी वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सकरा रामपुर गांव में अवैध खनन को लेकर लोगों में भारी रोष देखा जा रहा है अगर कोई ग्रामीण शिकायत करता है तो ठेकेदार उसको धमकी भी देता है इसीलिए लोग सामने आने से डर रहे हैं।

## तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर में भौतिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर में भौतिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जो भारत सरकार के मानव संसाधन एवं उद्यमिता विभाग से प्रायोजित है। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद द्वारा चलाया जा रहा है, जो विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, जिला स्तर पर कार्यशाला के रूप में संपादित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देगी तथा ग्रामीण नागरिकों को रोजगार सृजन के अवसर प्रदान करेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सल्तनत बहादुर पी जी कॉलेज बदलापुर के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा यह जो कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इससे ग्रामीण परिवेश के साथ–साथ नवयुवको को नई दिशा मिलेगी, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मरियाहूं पी जी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेश पाठक ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जो भी कार्यक्रम चलाए जा रहे, प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया जैसे सपने को साकार करेंगे, कार्यक्रम में बयालसी महाविधालय के प्राचार्य प्रोफेसर आनंद शंकर भी सम्बोधित किये,महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के रिसोर्स पर्सन श्री शाई सुधीर कुमार ने बताया कि यह जो कार्यक्रम चलाया जा रहा है, यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसमें कार्यशाला को कराने के लिए अनुदान भी दिए जाते हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता के क्षेत्र में विकास करने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उसमें वोकेशनल एजुकेशन डेवलपिंग, रूलर टेक्नोलॉजिकल एजुकेशन एवं प्रोन्नत भारत अभियान के तहत भी अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय मिल्क बेस प्रोडक्ट बनाने के लिए लोन दिया जा रहा है। जिसके लिए जौनपुर जनपद को चुना गया है, कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर सुदेश कुमार ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में डॉ. एसके वर्मा, डॉ हरिओम त्रिपाठी डॉ. लक्ष्मण सिंह डॉ. अरविंद सिंह डॉ. अनिल सिंह डॉ. जय कुमार मिश्रा सम्मिलित रहे।

### अधिवक्ताओं को सी डी ओ ने दिया आश्वासन : दो दिन अदालत में बैठेंगे तहसीलदार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संघ के अध्यक्ष भरत लाल यादव की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मण्डल मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा से मिलकर अदालत नही चलने की समस्या से सम्बंधित ज्ञापन दिया।सी डी ओ ने न्यायिक तहसीलदार की व्यवस्था होने तक तहसीलदार को दो दिन अदालत में बैठने का निर्देश दिया है। अधिवक्ताओं की मांग थी कि न्यायिक तहसीलदार मूसा राम के स्थानांतरण के बाद न्यायालय रिक्त होने की वजह से वादकारियों को काफी दिक्कत हो रही है।हजारों मुकदमें लम्बित हैं।सी डी ओ ने उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया को निर्देश दिया कि जब तक अन्य न्यायिक तहसीलदार की नियुक्ति न हो जाय वैकल्पिक व्यवस्था के तहत तहसीलदार सुदर्शन कुमार दो दिन न्यायिक तहसीलदार के न्यायालय में भी बैठकर लम्बित वादों की सुनवाई करें।इस अवसर पर महामंत्री कमलेश कुमार,वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा,यज्ञ नारायण सिंह,आर पी सिंह,सुरेन्द्र मणि शुक्ला,इंदू प्रकाश सिंह,राम आसरे दुबे,कुंवर भारत सिंह,विपिन मौर्य,दया राम पाल,बेचू राम आदि उपस्थित थे।

### 2 वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार कर भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार करन्यायालय भेज दिए गए। अभियुक्त को थाना खुटहन पुलिस ने बिभिन्न धाराओं–498ए, 323, 504, 506 में न्यायालय के समक्ष भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि वारन्टी गुल्लू पुत्र लालजी निवासी ग्राम खानपुर थाना खुटहन जौनपुर को उसके घर खानपुर से तथा धारा–107 / 116 सीआरपीसी से संबंधित वारन्टी प्रदीप कुमार पुत्र वंशराज निवासी ग्राम सौरईया थाना खुटहन जौनपुर को उसके घर ग्राम सौरइया थाना खुटहन से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय को भेज दिया गया

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा जौनपुर का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा जिला कार्यालय जौनपुर पर पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ इस प्रशिक्षण वर्ग में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री एवं सोशल मीडिया के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पांच सत्र में हुए इस प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवम प दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए निर्धारित विषय रखा। द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्र अध्यक्ष अश्विनी सिंह पटेल ने निर्धारित विषय पर कार्यकर्त्ताओं के समक्ष रखा। तृतीय सत्र में कार्यकर्ताओ को पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने सम्बोधित किया। चतुर्थ सत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने विस्तार से अपना विषय रखा। समापन सत्र में पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा जौनपुर के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को




संबोधित करते हुए निर्धारित विषय पर सम्बोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन जिला उपाध्यक्ष सर्वेश चौरसिया व जिला महामंत्री संजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। उक्त अवसर पर प्रशिक्षण वर्ग में क्षेत्रीय सदस्य पिछड़ा वर्ग गीता बिंद, जिला महामंत्री प्रमोद प्रजापति, विमल भोजवाल, उषा मौर्या, प्रमोद गुप्ता, अच्छेलाल मौर्य, विजय शंकर शर्मा, दुर्गा मौर्य, अवनिंद्र यादव, राम औतार मौर्य, दीपक बिंद, राजा सेठ, रेनू मोदनवाल, ममता मौर्या सहित सभी मंडल अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित रहे।

## मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राज्यीय राजनैतिक दलों की बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से सम्बन्धित निम्नानुसार कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 09.11.2022 (बुधवार), दावे/आपत्ति प्राप्त किये जाने की अवधि 09.11.2022(बुधवार से 08.12.2022(बृहस्पतिवार), विशेष अभियान की तिथियां दिनांक 12 नवम्बर, 2022(शनिवार) दिनांक 20 नवम्बर,2022, (रविवार), दिनांक 26 नवम्बर,2022 (शनिवार) एवं दिनांक 04 दिसम्बर,2022(रविवार) दावा/आपत्ति के निस्तारण की तिथि दिनांक 26.12.2022(सोमवार), (।)निर्वाचक नामावलियों के मानकों की जॉच और अन्तिम प्रकाशन के लिए निर्वाचन आयोग की अनुमति प्राप्त करना। (।।)डाटाबेस को अपडेट करना और पूरक सूची की छपाई दिनांक 03.01.2023(मंगलवार), निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 05.01.2023 (वृहस्पतिवार), प्रकाशित की जाने वाली मतदाता सूची में मतदाताओं से संबंधित सूचना निम्नवत है। विधानसभा 364—बदलापुर में कुल मतदाता 345769, 365—शाहगंज में 402641, 366—जौनपुर, 433331, 367—मल्हनी 376467, 368—मुंगराबादशाहपुर 385285, 369—मछलीशहर 399767, 370—मड़ियाहूँ 334167, 371—जफराबाद 395705, 372—केराकत 404294 कुल 3477426 मतदाता है। जिसमें कुल पुरुष 1812840, महिला मतदाता 1664439,



तृतीय लिंग 147 है। कुल मतदेय स्थल 3495 है। 3—सम्भाजनोपरान्त आयोग द्वारा जनपद में स्थित विधानसभावार मतदेय स्थलों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार 09 नवम्बर 2022 को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन पदाभिहित स्थलों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पर किया जायेगा। प्रकाशित अवधि में मतदाता सूची निरीक्षण हेतु निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। दिनांक 09 नवम्बर 2022 से बूथ लेविल आफिसर द्वारा घर—घर जाकर छूटे हुए मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने, मृतक,डबल,शिफ्टेड मतदाताओं के नाम अपमार्जित किये जाने तथा किसी नाम में त्रुटि होने पर शुद्ध किये जाने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित फार्म—6,7,8 पर दावा/आपत्ति प्राप्त करेगें। बीएलओ द्वारा उक्त के अतिरिक्त निर्वाचक नामावली में विद्यमान मतदाताओं के स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर फार्म—6बी पर प्राप्त करेगें। उक्त कार्य में सहयोग हेतु आपसे अपेक्षा की जाती है कि विधानसभा में स्थित समस्त मतदेय स्थलों हेतु बूथ लेविल एजेन्ट्स की तैनाती करते हुए उनके नाम एवं मोबाइल नम्बर की सूची प्राप्त कराने का कष्ट करें। बल्क में कोई भी फार्म स्वीकार नहीं किये जायेगें। मतदाता सूची में नाम सम्मिलित,अपमार्जित एवं संशोधित करने हेतु आनलाइन पोर्टल NVSP,VOTERPORTAL ,oa VOTER HELPLINE APP के माध्यम से भी किया जायेगा।

## मुम्बई से सेवानिवृत्त शिक्षक राकेश सिंह ने टीडी इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ विरेन्द्र प्रताप सिंह का किया स्वागत

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार— धनन्जय विश्वकर्मा : तिलकधारी इण्टर कॉलेज जौनपुर के प्रधानाचार्य डा,विरेन्द्र प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित होने पर मुम्बई के सेवानिवृत्त शिक्षक राकेश सिंह ने टीडी इन्टर कालेज में पहुंचकर प्रधानाचार्य को भागवत गीता और शाल देकर स्वागत किया। बता दे कि मुम्बई से सेवानिवृत्त शिक्षक राकेश सिंह ने टीडी इन्टर कालेज पहुंचकर प्रधानाचार्य डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह को भागवत गीता साल भेंट की इस दौरान कालेज के अन्य प्राध्यापक भी मौके पर उपस्थित रहे सभी ने जौनपुर में सदभावना पुल के पास गोल्ड पैलेस कीर्ति कुंज ज्वेलर्स के बगल मे होने जा रही 17 नवंबर से 23 नवंबर की भागवत कथा में आने का निमंत्रण देकर अनुरोध किया। मुंबई से सेवानिवृत्त शिक्षक राकेश सिंह ने डॉ संजय कृष्ण सलील जी की कथा वृंदावन के बारे में अध्यापकों को जानकारी दी इस अवसर पर सभी उपस्थित प्राध्यापकों ने संत जी से नजदीक से मिलने को अपना सौभाग्य समझा इस कार्य के लिए सभी ने मुंबई से सेवानिवृत्त राकेश सिंह की सराहना की। यह कथा शाम 4:00 बजे से 7:00 बजे तक रखा गया है जिसका प्रसारण धार्मिक चैनलों पर भी दिखाया जाएगा।

## गोमती नदी पर स्थित शास्त्री पुल पर भारी व ओवरलोड वाहनों को रोकने पर विचार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 05 नवंबर 2022 से लखनऊ माझी घाट मार्ग (जौनपुर से आजमगढ़ मार्ग) में गोमती नदी पर स्थित शास्त्री पुल (क्षतिग्रस्त हो गया है / रेलिंग टूट कर निचे गिर गयी है) पर भारी व ओवरलोड वाहनों को रोकने के संबंध में निम्नांकित रूट डायवर्जन व्यवस्था अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग जौनपुर के पत्रांक : 298/st/bridge/22 दिनांकितः 04.11.2022 के निर्देशानुसार लागू की जाती है। 1. इलाहाबाद की ओर से शाहगंज व आजमगढ़ जाने वाले भारी वाहन/ ओवरलोड वाहन के लिए मुंगरा बादशाहपुर से सुजानगंज हुए होते हुए शाहगंज के लिए जाएंगे जहां से अंबेडकर नगर, फैजाबाद, आजमगढ़ जा सकेगे। 2. मिर्जापुर की ओर से आजमगढ़ जाने वाले भारी वाहन व ओवरलोड वाहनों के लिए मड़ियाहूं से जलालपुर से थाना गद्दी से केराकत से खुज्जी मोड़ होते हुए आजमगढ़ के लिए जा सकेंगे। 3. वाराणसी से आजमगढ़ जाने वाले भारी व ओवर लोड वाहनों के लिए जलालपुर से थाना गद्दी से केराकत से खुज्जी मोड होते हुए आजमगढ़ जा सकेंगे। 4. आजमगढ़ से आने वाले भारी वाहन व ओवरलोड वाहन प्रसाद तिराहे से केराकत से थाना गद्दी होते हुए जलालपुर जाएंगे जहां से वाराणसी, मिर्जापुर, इलाहाबाद, सुल्तानपुर, लखनऊ इत्यादि स्थानों पर जा सकेंगे। 5. शाहगंज से की ओर से आने वाले भारी वाहन व ओवरलोड वाहनों के लिए पचहटिया से प्रसाद तिराहा होते हुए केराकत से थाना गद्दी से जलालपुर होते हुए वाराणसी, मिर्जापुर, इलाहाबाद, सुल्तानपुर इत्यादि को जा सकेंगे। नोट—सुल्तानपुर वाराणसी बाईपास पर जौनपुर उतरने वाले पॉइंट पर जैसे हाउज तिराहा, पकड़ी तिराहा,अलीगंज तिराहा पर ट्रैफिक का पुलिस बल लगाकर आजमगढ़ व शाहगंज जाने वाले भारी वाहनों को शहर की ओर आने से रोका जाएगा।

## मीडिया प्रभारी के एक वर्ष पूरे होने पर टीम ने केक काटकर दी बधाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार का कार्यकाल एक वर्ष पूरे होने पर मीडिया टीम के सदस्यों ने बधाई दी। इस अवसर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार ने कहा कि एक वर्ष का



कार्यकाल सफलतापूर्वक निभाने में पूरी मीडिया टीम का सहयोग रहा। इस वर्ष विश्वविद्यालय में हर वर्ष की अपेक्षा अधिक कार्यक्रम भी रहे। पूरी टीम ने गंभीरता के साथ अपने—अपने दायित्वों का निर्वहन किया। साथ ही जिले के समाचार पत्रों, न्यू चैनलों और पोर्टल के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने अच्छे ढंग से खबरों को अपने यहां जगह दी। इस अवसर पर डॉ. रसिकेश ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए मीडिया सेल बहुत महत्वपूर्ण सेल है। पिछले एक वर्ष से मीडिया में शानदार कवरेज होने के चलते विश्वविद्यालय की छवि राष्ट्रीय स्तर पर बनी है। बाहर से समारोह में आने वाले अतिथियों ने भी अच्छे कवरेज की सराहना की है। इससे पर अवसर पर महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय में लगातार कार्यक्रम होने के बावजूद समाचार पत्रों में अच्छी जगह मिली है। इसके लिए विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ मनीष कुमार गुप्ता, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. अन्नू त्यागी, डॉ. द्विब्येदु मिश्र, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ मंगला यादव, डॉ सुशील कुमार, कृष्णा यादव, पंकज सिंह आदि ने बधाई दी।

## कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली पुलिस ने शनिवार की भोर में बदमाशों से हुई मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को पकड़ने का दावा किया है। जिसमें से एक बदमाश के पैर में गोली लगी है जिसे ट्रामा सेंटर वाराणसी इलाज हेतु भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शातिर बदमाश राजेंद्र पटेल अपने साथी राजेश गौतम निवासी प्रयागराज जिले के बहरिया थाना के साथ आ रहा था। जिसकी सूचना मुखबिर द्वारा प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह को मिली थी जिस पर उन्होंने जोगापुर नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ना चाहा तो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जिसमें राजेंद्र पटेल के पैर में गोली लगी उसके भाग रहे दूसरे साथी राजेश गौतम को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया।बदमाशों के पास से तमंचा, पिस्टल, कारतूस समेत मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पकड़े गए बदमाश से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## बच्चों में सर्वांगिण विकास के लिए खेल जरूरी : विधायक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ब्लाक संसाधन केंद्र के राम आधार यादव इंटर कालेज रसूलपुर में शनिवार को ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमे प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के परिषदीय बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने दीप जलाकर किया। तत्पश्चात न्याय पंचायत वार टीमो ने अपने झंडे के साथ ग्राउंड पर परेड किया। 200 मीटर की दौड़ में प्राथमिक विद्यालय के बालक वर्ग में पिलकीछा प्रथम सोनू ,200 मीटर की दौड़ में प्राथमिक विद्यालय बालिका वर्ग में बड़नपुर की नन्दनी पाल ,व 400 मीटर के अशरफगढ़ के सत्यम बालिका वर्ग की पनौली की अंकिता व 400 मीटर की दौड़ में उच्च प्राथमिक मखदूमपुर आशू पाण्डेय व बालिका वर्ग बरबसपुर उच्च प्राथमिक की आकांक्षा 600 मीटर की दौड़ में बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय छताई कला के अंकित कुमार व बालिका वर्ग मेंउच्च प्राथमिक विद्यालय आर्यनगर की खुशी ने बाजी मारी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने कहा कि बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षणेत्तर कार्यक्रम जैसे खेलकूद भी शिक्षा की तरह ही महत्वपूर्ण है। खेलकूद बच्चो में अनुशासन,टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा उत्पन्न करती है।विधायक ने खेल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी छात्रों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के पूर्व शिक्षकों ने आये हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौकेपर एबीएसए पंकज यादव, आलोक यादव, अरविन्द यादव,राज कुमार यादव, शशिकांत, नीरज सिंह, राजीव सिन्हा, अनिल सिंह, मनोज सिंह, सुबाष चन्द्र यादव, संदीप मौर्या, अरविन्द विश्वकर्मा, कृपाशंकर मिश्रा, समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।संचालन सुभाष चन्द्र उपाध्याय ने किया।

## किसान पंचायत का हुआ असर : एनएचएआई ने लगाया साइन बोर्ड

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से आक्रोशित किसानों व क्षेत्रवासियों द्वारा पंचायत कर दी गई चेतावनी का असर एनएचएआई पर दिखने लगा है।एनएचएआई ने पंचायत की मांग पर दानगंज से लेकर कनौरा तक जगह जगह साइन बोर्ड,स्पीड लिमिट बोर्ड,स्टॉप बोर्ड,पैदल पार पथ संकेतक लगाना शुरू कर दिया है।ऐसा होने से उम्मीद बधी है कि राजमार्ग पर दुघर्टनाओं में कमी आएंगी। गौरतलब हो कि क्षेत्र के संभ्रांत लोगों व किसानों ने चंदवक के आईटीआई परिसर में समाजसेवी अजीत सिंह की अध्यक्षता में पंचायत कर राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए एनएचएआई को दोषी ठहराते हुए मांग की थी कि राजमार्ग पर आवश्यकतानुसार स्पीड लिमिट बोर्ड सहित अन्य संकेतक बोर्ड लगाए जाय जिससे वाहन चालकों को वस्तु स्थिति का पता चले। दुर्घटनाएं कम हो।ऐसा न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई थी।पंचायत का असर हुआ।एनएचएआई शुक्रवार से बोर्ड लगाना शुरू कर दिया।एनएचएआई के इस कार्य पर मोहन सिंह, रामेश्वर सिंह,जय प्रकाश राम,राजू सिंह,वंशराज निषाद सहित अन्य लोगों ने संतोष व्यक्त किया है।

## थाना सिकरारा पुलिस द्वारा हर्ष फायरिंग करने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे अपराध एंव अपराधीयो के विरूद्ध सघन अभियान के क्रम मे व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी के कुशल निर्देशन मे उ0नि0 कमलेश कुमार वर्मा मय के के देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित व चेंकिग संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेंकिग के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल/ट्वीट हुये हर्ष फायरिंग के सन्दर्भ मे पंजीकृत मु0अ0सं0 298/2022 धारा 30 आर्म्स एक्ट थाना सिकरारा जनपद जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त 1.प्रकाश नारायण सिंह पुत्र स्व0 स्व0 गुलाब सिंह ग्राम गहनी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर उम्र करीब 58 वर्ष के घर पर दबीश दि गयी तो अभियुक्त उपरोक्त अपने घर पर मौजूद मिला। जिसे नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता – 1.प्रकाश नारायण सिंह पुत्र स्व0 स्व0 गुलाब सिंह ग्राम गहनी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास – 1. मु0अ0सं0 298/2022 धारा 30 आर्म्स एक्ट थाना सिकरारा जनपद



जौनपुर। बरामदगी— 1. एक लाइसेंसी रिवाल्वर शस्त्र संख्या NPFG 31769 .32 बोर। 2. एक शस्त्र अनुज्ञप्ति बुक संख्या 558/11 गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम— 1.थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 कमलेश कुमार वर्मा थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 3. का0 शशि चौहान, कान्स0 राजू थाना सिकरारा जनपद जौनपुर।

## जंघई स्टेशन प्रसाशन के नये फरमान से यात्री परेशान : वापसी टिकट के लिए देना होगा ढेर सारी जानकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन प्रसासन द्वारा टिकट लेने पहुच रहे लोगो के लिए नया भरमान जारी किया है जिसके कारण यात्री परेशान है जंघई स्टेशन पर यदी आप रिजर्व रेशन वापसी टिकट लेने जा रहे है तो आपको परिचय पत्र के साथ साथ यह श्योर करना होगा की टिकट वापसी का टिकट कैसे पहुचेगा। वाराणसी प्रतापगढ़ रेलवे रुट पर स्थित जंघई एक बडा रेलवे स्टेशन है यहा से यात्री वाराणसी प्रतापगढ़ प्रयागराज जौनपुर के लिए ट्रेनों की अदला बदली करते है यहा यात्रा के लिए आरक्षण काऊण्टर बनाया गया है जहा लोगो को टिकट मिलता है लेकिन अब आरक्षण काऊण्टर के बाहर एक सूचना चस्पा की गयी जिसको लेकर यात्री हलकान परेशान है। सूचना पर लिखा है वापसी टिकट के लिए परिचय पत्र की फोटो कापी, परिचय पत्र की फोटो कापी मे यह घोषणा करे की किस गाडी से वापसी तत्काल टिकट यात्री तक पहुचेगा , गाडी नम्बर उसका पीएनआर नम्बर या कोई भी टिकट नम्बर जो सम्बंधित गाडी के प्रस्तान से कम से कम दो घंटे पहले पहुचे । किस कारण से वापसी तत्काल टिकट जंघई मे बनवाया जा रहा है। इस सूचना पर लोगो का कहना है की रेलवे का कोई भी आदेश नहीं है। सिर्फ जंघई स्टेशन प्रसासन द्वारा यात्रीओ को परेशान करने के लिए लगाया गया है । अदारी गाँव प्रदीप जायसवाल का कहना है की वह वापसी टिकट लेने गये थे पहचान पत्र भी दिया फिर पूछा गया की टिकट कैसे भेजेगे तो मै कहा मै चाहे जैसे भेजूगा तब टिकट नही दिया गया। इसी तरह बभनियांव के राहुल ने रेलवे को ट्वीट करके भी शिकायत किया है। इस सम्बन्ध मे जंघई सीएम आई धनन्जय का कहना है की यह सूचना जंघई स्टेशन प्रसासन द्वारा लगाया गया है। इसमे सीएमआई स्टेशन अधीक्षक तथा टिकट काऊण्टर के लोग शामिल है।

## नगर में झोला छाप डाक्टरों की भरमार : कब होगी झोला छाप अस्पतालों पर कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय नगर के चारों तरफ झोला छाप डाक्टरों की भरमार है। ऐसे झोला छाप डाक्टर बिना डीग्री के फर्जी डीग्री के आधार पर अपने क्लिनिक चला रहे हैं। कई डाक्टर दूसरो की डीग्री पर अपने क्लिनिक का गोरखधंधा चला रहे हैं। जानकारी के मुताबिक नगर के कई इलाकों में झोला छाप डाक्टरों की भरमार है। भीषण गर्मी के दिनों में इनकी चांदी कट रही है। सरकारी अस्पतालों की दयनीय हालत को देखते हुए। मरीजों के परिजन लाचार होकर इन झोला छाप डाक्टरों के यहां इलाज कराने के लिए मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में झोला छाप डाक्टर मरीजों की मजबूरी समझकर मनमानी इलाज कर मोटी रकम वसूल रहे हैं। सबसे खास यह है की ऐसे झोला छाप डाक्टरों पर सीएमओ की नजर भी नही जाती है। वहीं कुछ झोला छाप डाक्टर दबी जुबान से बताते हैं कि हम लोग अपनी क्लिनिक तभी चला पाते हैं। जब अपना रजिस्ट्रेशन सीएमओ आफिस में कराते हैं। नही तो सीएमओ आफिस के कर्मचारी आते हैं और वह कार्यवाही की धौंस देते हैं। ऐसे में प्रत्येक झोला छाप डाक्टर समय समय पर अपना चढावा सीएमओ कार्यालय में दे देते हैं। जिससे साल भर के लिए किसी भी प्रकार की जांच की झंझट से बच जाते हैं। अगर देखा जाए तो नगर के पल्थी रोड तिराहा, भांदी रोड, शाहपंजा, दादर रोड, पुरानी बाजार, खुटहन तिराहा, नई आबादी, एराकियाना, सबरहद, खुटहन रोड,सुल्तानपुर रोड, सुरिस रोड सहित कई ऐसे इलाके है। जहां वर्षो से झोला छाप डाक्टरों की क्लिनिक व अस्पताल चल रहे हैं। आधी आधूरी जानकारी में ऐसे डाक्टर मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वहीं स्थानीय स्वास्थ्य महकमा सहित जिले के स्वास्थ्य अधिकारी पूरी तरह खामोश है। जिसके कारण झोला छाप डाक्टरों का अस्पताल व क्लिनिक धडल्ले से चल रहे हैं। फिलहाल स्वास्थ्य महकमा व स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से मामले में अंजान बनी हुई है। वही लोग अपना धन समय व स्वास्थ्य पूरी तरह से तीनों खराब कर रहे हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर अधिक्षक रफीक फारुकी का कहना है कि सभी हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन हुआ है। लेकिन जिसके नाम से हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन है वह डाक्टर कभी जाने के बाद नही मिलता है।

## पुलिस की बरामदगी के बाद भागी किशोरी को पाने के लिए मां ने लगाई गुहार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सम्पूर्ण समाधान दिवस में दाउदपुर गांव से भगाई गई किशोरी की बरामदगी के बाद कोतवाली से आरोपी द्वारा पुनः किशोरी को भगाने का आरोप लगाते हुए महिला तेरसा देवी ने अपनी पुत्री को पाने की गुहार अधिकारियों से लगाई ।सी डी ओ सील साई तेजा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी अतर सिंह ने मामले में कोतवाल मछलीशहर को तत्काल कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। समाधान दिवस में 1995से शिक्षा मित्र का वेतन पाने के लिये प्रयासरत महेंद्र प्रसाद रजक 130बार मामले को लेकर पहुंचे ।उनका आरोप है कि प्रधानाध्यापक के खाते में वेतन आता है वे देते नही है ।शिकायत करने पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं ।बाभनपुर की मंजू देवी,सरायखानी की किरन राशन कार्ड में नाम शामिल करवाने के लिए प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची ।उनका प्रार्थना पत्र आपूर्ति विभाग के कर्मचारियों द्वारा लेकर जल्द ही समस्या हल करने का आश्वासन दिया गया ।सर्वेमऊ की विमला अपने बड़े बेटे द्वारा प्रताड़ित करने की शिकायत लेकर पहुंची उन्हें थानाध्यक्ष सुजानगंज के द्वारा कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। लहुरी और मुरली अवैध कब्जा हटवाने के लिए दूसरी बार प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे तो बेलासीन के प्रेमचंद्र नवीन परती भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की माग किए। खाखोपुर के रामसिंह , पकड़ी के नन्दलाल और घघरिया के राम लौटन पैमाईश कराने के लिए लाइन में खड़े हुए थे ।करियांव के मो0 नसरुल्ला हल्का लेखपाल पर अपनी भूमिधारी आराजी और चकमार्ग पर भवन निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए सही पैमाईश कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

## समाधान दिवस पर 37 मे से 8 का निस्तारण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उप जिलाधिकारी डा0 प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस पर कुल 37 प्रार्थना पत्र दिए गए। जिसमें से 8 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया। इस मौके पर तहसीलदार राकेश कुमार, सीओ शुभम तोंदी, खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव, एसडीओ विद्युत रंजीत कुमार, एडीओं एजी सतई राम समेत अन्य अधिकारी व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# कैंट थाना पुलिस कर्मियों के लिये नहीं मायने रखता एडीजी लखनऊ जोन का आदेश

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : थाना कैंट क्षेत्र में सौ से अधिक दोपहिया वाहन व चार पहिया वाहन नीलामी के अभाव में जंग खाते हुए देखे जा सकते हैं।जबकि कुछ महीनों पहले लखनऊ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक जब दौरे पर आये थे तो जब उन्होंने नगर कोतवाली व कैंट थाना परिसर में अधिक संख्या में खड़े ऐसे वाहन जो नीलामी के लिये थे उसको देखकर उनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वहां पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को शीघ्र से शीघ्र उक्त वाहनों की नीलामी की कार्यवाही करे। जिसके चलते थाना परिसर में अधिक से अधिक जगह रहे और उसका सही सदुपयोग हो सके।परंतु इस आदेश को थाना कैंट पुलिस नहीं मान रही है। जिससे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कैंट थाना परिसर में लगभग 100 से अधिक वाहन चाहे वह दो पहिया वाहन हो या चार पहिया वाहन हो जो नीलामी के अभाव में जंग खा रहे हैं।इस संबंध में यहां पर संबंधित पुलिस कर्मियों ने बताया कि थाना परिसर में नीलामी के लिये मौजूद चाहे वह दो पहिया वाहन हो या चार पहिया वाहन हो उनसे संबंधित वाहन स्वामियों को बीच–बीच में नोटिस देकर उन्हें नोटिस जारी किया जाता है कि वे अपने वाहन न्यायालय के माध्यम से यहां से लेकर जा सकतें है।मालूम हो कि थाना कैंट परिसर में 100 से अधिक दोपहिया व चार वाहन जंग खाते हुए दिखाई दे रहे हैं।वही यहां पर तैनात पुलिस कर्मियों की माने तो यहां पर जो भी वाहन है वह या तो आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल की गई है या फिर दुर्घटना कारित हैं।इसके लिए



वाहन स्वामियों को कई बार पत्राचार के माध्यम नोटिस जारी किया जाता है कि वे वाहन स्वामी न्यायालय के माध्यम से अपने–अपने वाहनों को छुड़ाने के लिए आवश्यक कागजातों के साथ थाना परिसर में आए और अपने अपने वाहनों को ले जाएं। कुल मिलाकर इस समय थाना कैंट परिसर में सैकड़ों की तादाद में दो पहिया व चार पहिया वाहन जंग खाते दिख रहे हैं वहीं अगर देखा जाए तो गत दिनों कोतवाली नगर क्षेत्र में अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ कोतवाली नगर क्षेत्र के साथ–साथ वहां पर मौजूद पुलिस अधिकारियों व थाना कैंट परिसर में तैनात प्रभारी को सख्त निर्देश दिए थे कि यहां पर नीलामी के लिए जो भी वाहन है उन सभी वाहनों से थाना परिसर को खाली कराएं जिससे पर्याप्त मात्रा में जगह मिले और उस जगह का सदुपयोग हो सके।

# भरत कुण्ड महोत्सव मे नुककड़ नाटक के माध्यम से जगाया शिक्षा जागरूकता का चिराग

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : 24 वें भरत कुंड महोत्सव के चौथे दिन कामपोजिट विद्यालय भरत कुंड कि तरफ से नुककड़ नाटक का आयोजन किया जिसमें लोगो को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। नककड़ नाटक कि प्रस्तुति सुचना प्रसारण मंत्रालय भरत सरकार आकाशवाणी लखनऊ द्वारा बी हाई ग्रेड लोकगीत कलाकार लोक गायिका अनुज श्रीवास्तव व उनकी टीम के द्वारा मंचन कर किया गया। नाटक के माध्यम से उन्होंने जिले के लोगो को शिक्षा व बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ पर आधारित जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। वहीं कमपोजिट विद्यालय के प्रधान अध्यापक बदलू राजा ने भी कार्यक्रम मे आये बच्चों व अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुये हर वर्ग के लोगो को शिक्षित होने का अवहाँ किया तथा उन्होंने देश भक्ति गीत सुनाकर सभी को मनमुक्त कर दिया। वहीं नुककड़ नाटक को सफल बनाने मे अनुज श्रीवास्तव के साथ संध्या मिश्रा, राम प्रकाश, रामू सिंह, शीला तिवारी, लकमी नारायण, श्याम सुंदर आदि ने किया। महोत्सव के अध्यक्ष डॉक्टर अंजनी मिश्रा ने बताया कि आज हुये नुककड़ नाटक से लोगो मे शिक्षा के प्रति गहरी जागरूकता देखने को मिली नाटक मे सबसे मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा को लेकर अच्छी प्रसूति रहीं जिसे यहां कि जनता ने काफी सहारा गया।

# उत्तर प्रदेश में 11 पीसीएस अधिकारियों का तबादला

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : एडीएम न्यायिक श्रावस्ती कुंवर पंकज बने मुख्य राजस्व अधिकारी प्रयागराज, एसडीएम रायबरेली सुभाष चंद्र यादव बने एडीएम न्यायिक श्रावस्ती, अपर मुख्य नगर अधिकारी आगरा सुशीला को एडीएम नागरिक आपूर्ति आगरा के पद पर भेजा गया, एसडीम मेरठ अरुण कुमार गोंड बने सिटी मजिस्ट्रेट इटावा।एडीएम संभल कमलेश कुमार अवस्थी को अपर आयुक्त आजमगढ़ मंडल बनाया गया, सिटी मजिस्ट्रेट अलीगढ़ प्रदीप वर्मा एडीएम वित्त एवं राजस्व संभल के पद पर भेजे गए, एसडीएम भदोही चंद्रशेखर को सिटी मजिस्ट्रेट अलीगढ़ के पद पर भेजा गया, एडीएम वित्त झांसी राम अक्षयवर अब इसी पद पर जौनपुर भेजे गए। एडीएम वित्त एवं राजस्व जौनपुर रामप्रकाश इसी पद पर महोबा भेजे गए, एडीएम वित्त एवं राजस्व राम सुरेश वर्मा को इसी पद पर झांसी भेजा गया। एसडीएम मुरादाबाद रमाकांत वर्मा को महाप्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ के पद पर भेजा गया।

# जिला प्रोबेशन अधिकारी पर लगा गंभीर आरोप

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जिला प्रोबेशन अधिकारी और एक कनिष्ठ सहायक पर ट्रस्ट आचार के गंभीर आरोप लगे हैं इसकी शिकायत 7 माह पहले पूर्व 3 विधायकों सहित छह लोगों ने महिला कल्याण विभाग के कैबिनेट मंत्री से की है उसके बाद भी अभी तक इस पर किसी ने जांच में गंभीरता नहीं दिखाई चिट्ठा से नाराज रुदौली विधायक रामचंद्र ने सभी पत्रों को संलग्न कर शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कि उनके बाद शासन में फिर से सीडीओ अनीता यादव से मामला संज्ञान में लेने को कहा गया तो उन्होंने जांच जिला विकास अधिकारी को सौंपी है रुदौली विधायक का आरोप है कि जिला प्रमोशन अधिकारी अश्वनी कुमार तथा कनिष्ठ सहायक अकाउंटेंट आशीष कुमार विभाग में भ्रष्टाचार कर रहे हैं कहा है कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत बच्चों को वितरित किए जाने वाले लैपटॉप का लगभग 4000000 रुपए का भुगतान गत मार्च में किया गया है लेकिन कई माह बीतने के बाद भी बच्चों को लैपटॉप नहीं दिया गया शासन की पटल परिवर्तन नीति का अनुपालन करते हुए विभागाध्यक्ष ने कई वर्षों से जमे अपने चहेते बाबू को मनचाहे पटल पर तैनात कर रखा है महिला कल्याण विभाग में बिना टेंडर के प्रतिमा चार पहिया गाड़ी का फर्जी लगाकर भुगतान किया जा रहा है जबकि विभाग में कोई गाड़ी है ही नहीं किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति की ओर से अधिक किराया दिया जा रहा है के दौरान आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मचारियों भर्ती हुई है पीड़ित महिलाओं को प्रदान करने के लिए लगभग 50 लाख की लागत से बना साबित होने के साथ कई अन्य गंभीर आरोप लगे हैं इसके साथ ही कहा गया कि मामले में प्रमुख सचिव महिला कल्याण एक शिकायती पत्र 23 अप्रैल 2022 को दी गई थी 25 अप्रैल को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता 5 मार्च को बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान और भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने शिकायती पत्र लिखा लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही ना होना भाजपा की भ्रष्टाचार की नीति पर सवाल खड़ा कर दिया है।

## अब पेंशनर्स घर बैठे डाकिया से बनवाये जीवित प्रमाण पत्र–पी के सिंह

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : पेंशनरों को जीवित प्रमाणपत्र (डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट) जमा करने के लिए कोषागार, बैंक या अन्य किसी विभाग में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पेंशनर्स घर बैठे डाकिया के माध्यम से यह प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। उक्त जानकारी शुक्रवार को मण्डलीय कार्यलय में बैठक के दौरान अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने दी। श्री सिंह ने बताया कि पेंशनर अपने नजदीकी शहरी अथवा ग्रामीण डाकघर के डाकिया के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं। इसके लिए उन्ध्हें मात्र 70 रुपये देना पड़ेगा। यह प्रमाण पत्र स्वतः संबंधित विभाग को ऑनलाइन पहुंच जाएगा। इससे पेंशन मिलने में कोई रुकावट नहीं आएगी। यह सुविधा सभी डाकघरों में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। श्री सिंह ने कहा कि भारतीय डाक विभाग के माध्यम से सभी विभागों के पेंशनरों को घर बैठे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। पेंशनर इस सुविधा को लेने के लिए अपने डाकिया के साथ–साथ पोस्ट इन्फो मोबाइल एप द्वारा ऑनलाइन अनुरोध भी कर सकते हैं। इसके लिए पेंशनर को आधार नंबर, मोबाइल नंबर, बैंक या डाकघर खाता संख्या और पीपीओ नंबर देना होगा। यहाँ बताते चले कि पेंशनरों को प्रत्येक वर्ष सामान्यतया नवंबर और दिसंबर माह में कोषागार, बैंक या संबंधित विभाग में जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होता है। इसके लिए दूरदराज इलाके के पेंशनरों को कोषागार आने में कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यात्रा आदि में भी काफी व्यय होता है। साथ ही कहा कि डाक विभाग की इस पहल से पेंशनरों को काफी सहूलियत मिलेगी। बैठक में सहायक अधीक्षक अनिल द्विवेदी, निरीक्षक राजेश्वर दूबे, हिमांशु शुक्ल, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, हिमांशु कनौजिया, सहित दर्जनों उपस्थित रहे।

# सीएफओ राज किशोर राय के झांसी स्थानांतरण पर विभाग के कर्मियों ने आयोजित किया विदाई समारोह

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जिले में मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय का इसी पद पर झांसी जिले में स्थानांतरण हो गया। जिसके चलते पुलिस लाइन परिसर में अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया।इस मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय ने कहा कि यहां के लोगों व इस विभाग के कर्मियों द्वारा हमें अपार प्रेम व सहयोग मिला। जिसे वे कभी भी नहीं भुला पायेंगे। वही इसी कड़ी में वहां पर मौजूद सभी अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने भी कहा कि यहां पर तैनात सीएफओ अयोध्या ने हम सभी के साथ एक अभिभावक के रुप व्यवहार करते रहे।सरल स्वभाव व मृदु भाषी सीएफओ अयोध्या को कभी नहीं भुला सकते।इस मौके पर अग्निशमन अधिकारी राम जन्म भूमि गिरीशचंद्र दुबे,अग्निशमन अधिकारी द्वितीय प्रदीप पांडे, अग्निशमन अधिकारी द्वितीय सुधीर यादव,लोडिंग फायरमैन राम गोपाल शुक्ला,फेकन सिंह , हरिंदर पटेल फायर सर्विस चालक राम प्रसाद पांडे, प्रदीप कुमार, रंगीलाल, मनोज



कुमार सिंह, ह्रदय नाथ विश्वकर्मा, बृजपाल, मुन्नालाल, राकेश मिश्रा फायरमैन कृष्ण मुरारी, सुनील तिवारी, सौरव यादव अवधेश पांडे, अमन शुक्ला, निशांत सिंह, अतुल वर्मा, गोपेश रावत, शिवनाथ, सुनील शुक्ला, मोहम्मद आरिफ व फायर विभाग के सभी कर्मी मौजूद रहे।

# परिक्रमा में आये हुये श्रद्वालुओं ने जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्था एवं उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं की किया सराहना

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी नितीश कुमार ने पंचकोसी परिक्रमा मार्ग को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा परिक्रमा के दौरान श्रद्वालुओं को समस्त मूलभूत सुविधाओं को सुचारू रूप से सुगमता के साथ उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत की गयी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का परिक्रमा के दौरान विभिन्न स्थलों, मार्गो पर निरन्तर भ्रमणशील रहकर श्रद्वालुओं को उपलब्ध हो रही सुविधाओं तथा भीड़ नियंत्रण का जायजा लेते रहे तथा विभिन्न स्थलों पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों आदि श्रद्वुलओं को प्रशासन की तरफ से उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु समय–समय पर निर्देशित करते रहे, जिलाधिकारी के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा भी लगातार भ्रमणशील रहे और स्थिति का जायजा भी लेते रहे। जिलाधिकारी नितीश कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा द्वारा अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल तथा अन्य मजिस्ट्रेट के साथ लता मंगेशकर चौक, नयाघाट, राम की पैड़ी, सरयू आरती स्थल, लक्ष्मण किला घाट, ऋणमोचन घाट, झुनकी घाट, हनुमान गुफा, रामघाट, उदया चौराहे से गैस गोदाम चौराहा, बड़ी बुआ रेलवे क्रासिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर परिक्रमा कर रहे श्रद्वालुओं को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के साथ भीड़ नियंत्रण आदि की स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहे थे। इस दौरान दोनों अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमणशील रहकर श्रद्वालुओं के लिए की गयी व्यवस्थाओं, शौचालयों के क्रियान्वयन व उसके साफ सफाई, चिकित्सा उपचार केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं, पेयजल आदि की व्यवस्था को भी देखा गया तथा बेहतर ढंग से समस्त सुविधायें श्रद्वालुओं को उपलब्ध हो इसके लिए सभी को आवश्यक निर्देश भी दिये गये। इस दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्युटी पर तैनात सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार करते हुये अपने दायित्वों का समयक निर्वाहन करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान श्रद्वालुओं से भी दोनों अधिकारियों ने उपलब्ध हो रही सुविधाकाओं का फीडबैक भी प्राप्त किया। परिक्रमा में आये हुये श्रद्वालुओं द्वारा जिला प्रशासन द्वारा की गयी व्यवस्था एवं उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं की सराहना की।

# पैका स्किल्स का 15 वां दीक्षांत समारोह

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : पैका स्किल्स के यश निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दर्शन नगर, अयोध्या में आयोजित 15 वें दीक्षांत समारोह में कुल 80 सर्टिफिकेट वितरित किया गया तथा दो नए ट्रेड बॉयलर ऑपरेशंस एवं इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नीशियन का शुभारंभ किया गया। समारोह की औपचारिक शुरुआत पारम्परिक दीक्षांत शोभायात्रा के साथ हुई जिसकी आगवानी संस्थान स्किल्स ऑपरेशन हेड श्री रमेश वी. कोटि ने की। स्किल्स ऑपरेशन्स हेड के साथ पैका फाउंडेशन की हेड श्रीमती सरिता उपाध्याय, समारोह के पीठासीन अधिकारी एवं श्रठछै की डायरेक्टर महोदया श्रीमती मंजुला झुनझुनवाला एवं दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि Dr. M.K. Gupta, (Director, CPPRI) विशेष अतिथि श्री एस.डी. नेगी उपस्थित रहे। संस्था के स्किल्स ऑपरेशन हेड नें सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा मुख्य अतिथि ड.ज्ञ. ळनचजं ने पैका स्किल्स की प्रशंसा करते हुए बताया कि पल्प एंड पेपर, फाइबर मोल्डेड प्रोडक्ट्स ऑपरेशन्स, बॉयलर ऑपरेशंस और इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नीशियन जैसे कोर्स किसी और संस्था में नहीं कराए जा रहे हैं तथा गुप्ता जी ने सभी उपस्थित अतिथियों और बच्चों को कंपोस्टेबल और बायोग्रेडेबल पैकेजिंग और कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। इस समारोह पर यश विद्या मंदिर की प्रिंसिपल श्रीमती सरिता त्रिपाठी, यश पैका लिमिटेड के अनूप शर्मा, अमरेश चौधरी, शंकर शरण शुक्ला, देवेंद्र गुप्ता, अमित मिश्रा, योगेश पांचाल संस्थान के अध्यापक जितेंद्र कुमार, आकाश सिंह, नवनीत पांडे, आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान पर लगाए गंभीर आरोप आरोपों की जांच करेगी 3 सदस्य कमेटी

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : वही ग्राम पंचायत कुदुर्खाखुर्द में ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की गई पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी के लिए शिकायत कर्ताओं ने जन्म सूचना का सहारा लिया मांगी गई सूचना को यह कह कर देने से मना कर दिया कि सूचना लंबी है इसलिए दे पाना संभव नहीं गांव निवासी वीर सिंह सदानंद तिवारी आदि ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कुदुर्खाखुर्द ग्राम प्रधान पर 12 नहीं कई आरोप लगाए हैं शिकायतकर्ता ने विद्यालय कायाकल्प योजना अमृत सरोवर सड़क निर्माण झाली रिपेयरिंग लाइटिंग सार्वजनिक शौचालय ग्राम सचिवालय कार्य में की गई धनराशि की जांच कराने की मांग की है आरोप है कि ब्लॉक का विकास विभाग इस भ्रष्टाचार में लिप्त है विभागीय अधिकारी इन कार्य पर खर्च धनराशि जानकारी के लिए मांगी गई जनसूचना का जवाब देने से हाथ खड़ा कर रहे हैं इस मामले में प्रधान अनुराग सिंह का कहना है आरोप बेबुनियाद है कई बिंदुओं ऐसे हैं जिन पर अभी कहीं नहीं कराया गया है ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि 3 सदस्य जांच समिति गठित की गई है जिनमें वह स्वयं एडीओ समाज कल्याण एडीओ शामिल है आरोपों की जांच करेगी।

## अयोध्या के भूमि घोटाले पर पीएमओ ने शुरू की जांच : भूमाफियों में मचा हड़कंप

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) अयोध्या में नजूल भूमि घोटाले को लेकर सख्त हो गया है। पीएमओ ने मामले की जांच का जिम्मा उत्तर प्रदेश सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी भाष्कर पांडेय को सौंपा है। जांच सौंपे जाने की सूचना जैसे ही भू–माफियाओं को लगी तो उनमें खलबली मच गई। 1500 बीघा से भी अधिक की भूमि पर हुई बंदरबांट में अब कई की गर्दन फंस सकती है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने ही मामले की शिकायत पीएमओ से की थी। श्री सिंह ने बताया कि पीएमओ ने शिकायत का संज्ञान लेकर प्रदेश सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी को जांच सौंप दी है। अब सिर्फ जांच शुरू होने का इंतजार है। गौरतलब है कि अयोध्या में मंदिर निर्माण के बाद से जमीनों की लूट–खसोट शुरू हो गई। माझा, बरहटा, जमथरा, सप्तसागर, उसरू में तमाम सरकारी भूमि पर भवनों का निर्माण हो गया। विकास प्राधिकरण, नजूल और भू–माफिया का गठजोड़ इतना हावी रहा कि बिना प्लान किए बड़ी–बड़ी कॉलोनियां काट दी गई हैं।

# पंचकोसी परिक्रमा में खूब देखने को मिली आस्था और श्रद्धा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : राम की नगरी में पंचकोसी परिक्रमा में आस्था और श्रद्धा खूब देखने को मिली। परिक्रमा पथ पर जय श्रीराम के उद्घोष के साथ लाखों की संख्या में श्रद्धालु पंचकोसी परिक्रमा करते हुए अपने आराध्य को याद करते रहे। पंचकोसी परिक्रमा में बांके बिहारी सरकार को गोद में लिए युवती जब परिक्रमा पथ पर निकली तो लोगों की निगाहें उधर ही ठहर गई। बरेली से आई महिला व उसकी बेटी ने लड्डू गोपाल को गोद में लेकर पंचकोसी परिक्रमा करती नजर आई।इस दौरान बरेली से आई अनुपमा शर्मा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कृपा हुई और अचानक वह धर्म नगरी अयोध्या आ पहुंची।आस्था और श्रद्धा के जज्बे सी सराबोर बांके बिहारी सरकार को गोद में लेकर इन महिलाओं ने राम नगरी अयोध्या की ऐतिहासिक व प्रसिद्ध पंचकोसी परिक्रमा पूर्ण किया।

# परिक्रमा मेले में बड़ौदा यूपी बैंक अयोध्या शाखा द्वारा शिविर का आयोजन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : बड़ौदा यूपी बैंक अयोध्या शाखा की ओर से परिक्रमा मार्ग पर हनुमान ध्यान भवन प्रहलाद घाट के पास लगाया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक श्री ठाकुर राजेश रंजन की अध्यक्षता में सेवा शिविर का उद्घाटन हनुमान ध्यान भवन के महंत पवन दास महाराज जी ने वैदिक मंत्रों के साथ राम लला और हनुमान लला का पूजन किया। सेवा शिविर में 50 हजार से अधिक राम भक्तों की सेवा की गई। महंत पवन दास ने कहा दिन भक्तों की सेवा करना हमारे लिए हर्ष का विषय है। भगवान की कृपा से आज हम राम भक्तों की सेवा कर रहे है। क्षेत्रीय प्रबंधक श्री ठाकुर राजेश रंजन ने कहा परिक्रमा हिन्दू समाज की भगवान राम के प्रति आस्था का परिणाम है जिसमें बच्चों से लेकर वृद्धों तक परिक्रमा को पूरा किया जाता है। शाखा प्रबन्धक जय प्रकाश सिंह ने कहाकि श्रद्धालुओं की सेवा मात्र ही अपार पुण्य को प्रदान करने वाली है।भण्डारे में पूड़ी–सब्जी, चाय, पानी की आदि का वितरण किया गया । सेवा शिविर के साथ साथ बडौदा यूपी बैंक फैजाबाद क्षेत्र द्वारा– आइये हम इमानदारी के प्रोत्साहन तथा भ्रष्टाचार के उन्मूलन मे सहभागिता करे। भ्रष्टाचार मुक्त भारत–विकसित भारत, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के (अन्तर्गत 31–10–2022 से 06–11–2022) अन्तर्गत क्षेत्रीय कार्यालय की अधिकारी श्रीमती शशी वैश्य द्वारा श्रद्धालुओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर आर एस एस के जिला सेवा प्रमुख पुष्कर दत्त तिवारी,रामप्रकाश ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंकित सिंह, आदि कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर अधेड़ की मौत

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : रुदौली कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को रुदौली कोतवाली की भेलसर चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोहियापुल के निकट यादव होटल के सामने पैदल रोड क्रास कर रहे एक 50 वर्षीय व्यक्ति को अयोध्या की ओर से लखनऊ की ओर जा रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया है।वहीं लोगों ने बताया कि यह भूगर्भ जल संरक्षण कार्यालय अयोध्या में कार्यरत कर्मचारी थे।जिसकी सूचना लोगों ने भेलसर चौकी पुलिस को दी।सूचना मिलते ही भेलसर चौकी प्रभारी दृवेश द्विवेदी अपने हमराही का0 ताहिर खान के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर गम्भीर रूप से घायल को बिना एम्बुलेंस का इंतजार किए अपनी सरकारी जीप से सीएचसी रूदौली पहुंचाया जहां डाक्टरों ने घायल की हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस सम्बन्ध में भेलसर चौकी प्रभारी दृवेश द्विवेदी ने बताया कि लोहिया पुल के निकट यादव ढाबा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल नरेन्द्रनाथ मिश्रा पुत्र राम अचल मिश्रा 50 वर्ष ग्राम बरेपुर थाना कप्तानगंज जिला बस्ती की मौत हो गई।

# परिक्रमार्थियों को दी गई विधिक जानकारियां

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को पंचकोसी परिक्रमा में आए श्रद्धालुओं को विधिक जानकारियां दी गई।प्राधिकरण की ओर से परिक्रमा मार्ग स्थित ध्यान भवन के सामने लगाए गए जागरूकता शिविर का उद्घाटन प्राधिकरण के नोडल अधिकारी शैलेंद्र सिंह यादव व सचिव श्रीमती रिचा वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया जिसके बाद इन दोनों न्यायिक अधिकारियों ने परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं को लोक अदालत से संबंधित विधिक जानकारियां दी और हुए अपने वाद लोक अदालत में निस्तारित कराने का सुझाव दिया।परिक्रमा में पूरे समय चले इस जागरूकता शिविर के दौरान श्रद्धालुओं को पंपलेट का भी वितरण कर उन्हें जागरूक किया गया।शिविर के समापन के बाद नोडल अधिकारी श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत ने सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले,चेक बाउंस से संबंधित धारा 138 एन आई एक्ट व बैंक रिकवरी,मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद,बिजली एवं जल के बिल से संबंधित शमनीय दंड वाद,राजस्व एवं सिविल वाद तथा आर्बिट्रेशन से संबंधित इजराय वाद का निस्तारण कराया जा सकता है।इसी क्रम में प्राधिकरण सचिव श्रीमती वर्मा ने बताया कि आज न्यायालयों में मुकदमों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।ऐसे में केवल लोक अदालत ही एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिए दोनों पक्षों की सहमति और आपसी सुलह समझौते से वाद का निस्तारण किया जा सकता है।लोक अदालत का फैसला, अंतिम फैसला होता है और इस फैसले के खिलाफ अपील नहीं की जा सकती।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।